# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान से श्रेयांशी जैन ने फिडे कैडेट्स व यूथ ब्लिट्ज चैंपियनशिप में अंडर-8 बालिका वर्ग में कौनसा पदक जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

जयपुर, राजस्थान की 7 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी श्रेयांशी जैन ने अप्रैल 2026 में आयोजित फिडे कैडेट्स व यूथ ब्लिट्ज चैंपियनशिप : अंडर-8 बालिका वर्ग : स्वर्ण पदक

- फिडे वर्ल्ड कैडेट एंड यूथ रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप (सर्बिया) : अंडर-8 गर्ल्स रैपिड : स्वर्ण पदक

## Yesterday Revision

01.'ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' का 15वां संस्करण 26 से 28 अप्रैल तक जयपुर में आयोजित होगा।

02. महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत राजस्थान सरकार ने अनुज्ञप्तिधारी (लाइसेंस प्राप्त) महिला श्रमिकों या उनकी पुत्रियों के विवाह के लिए सहायता राशि को ₹50,000 से बढ़ाकर अब ₹75,000 कर दिया है।

03. राजस्थान में राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (DA) में 02% की वृद्धि की गई।

04. मॉस्को (रूस) में 15 से 21 अप्रैल तक आयोजित वुशू स्टार प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

05 भारतीय स्नैक इंडस्ट्री के दिग्गज और Bikaji Foods International के संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' का दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया.

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) तीरंदाज रजत चौहान को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा डीजीपी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

(B) एशिया तीरंदाजी कप 2026 में रजत ने एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीता था

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- 'भारत के दिग्गज तीरंदाज रजत चौहान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा डीजीपी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।
- राजस्थान पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कार्यरत रजत, बल के सबसे कुशल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत और पुलिस विभाग दोनों का प्रतिनिधित्व किया है।
- हाल ही में, एशिया तीरंदाजी कप 2026 में रजत ने एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीता था
- 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी में रजत चौहान भारतीय टीम में शामिल है

## 02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राजस्थान सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में अब परिवार की 'पुत्रवधू' (बहु) नए सदस्य को शामिल किया गया है।

(B) राजस्थान में अनुकंपा नियुक्ति के नियम, 1996 के तहत सेवाकाल में सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर आश्रित को नौकरी दी जाती है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- ,राजस्थान सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों की सूची में 'पुत्र वधू' (बहू) को भी शामिल किया गया है।
- यदि कोई कर्मचारी सेवा के दौरान किसी ऐसी दुर्घटना का शिकार होता है जिससे वह 'परमानेंट डिसेबल' हो जाए और राजकार्य करने में सक्षम न रहे, तो भी उसके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी।
- राज्य बजट 2026-27 के अनुसार, राजस्थान सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में अब परिवार की 'पुत्रवधू' (बहु) नए सदस्य को शामिल किया गया है।
- राजस्थान में अनुकंपा नियुक्ति के नियम, 1996 के तहत सेवाकाल में सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर आश्रित को नौकरी दी जाती है। अब आवेदन की सीमा 90 दिन से बढ़ाकर 180 दिन कर दी गई है

**03. हाल ही में राजस्थान में राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) प्लेटफॉर्म पर कितनी मंडियों को जोड़ा गया है?**

(A) 256

(B) 173

(C) 423

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में 173 मंडियों के ई-नाम में जुड़ने से लाखों किसानों सहित सभी हितधारकों के लिए अवसरों का विस्तार हुआ है और पारदर्शी एवं कुशल कृषि विपणन को गति मिली है।
- यही नहीं, प्रदेश के किसान अब ई-नाम के माध्यम से अपने कृषि उत्पादों को देश भर में बेच कर अपनी उपज के अधिक दाम पा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ाने में मदद मिल रही है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) प्लेटफॉर्म की शुरुआत 14 अप्रेल, 2016 को की गई थी। इस प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया से खरीददार और विक्रेता दोनों के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित होती है
- राजस्थान में ई-नाम के माध्यम से 15 लाख 55 हजार से अधिक किसान, 87 हजार 509 व्यापारी और 27 हजार 989 कमीशन एजेंट्स को एक मंच पर लाया गया है। प्रदेश में 546 किसान-उत्पादक संगठन (एफपीओ) ई-नाम प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की चौथी बैठक आयोजित की गई

(2) राज-उन्नति (Raj-UNNATI) राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जो प्रधानमंत्री मोदी के 'प्रगति' मॉडल से प्रेरित है,

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की चौथी समीक्षा बैठक की। इस बैठक में करीब 23,890 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

राज-उन्नति (Raj-UNNATI) राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जो मुख्य रूप से रुकी हुई विकास परियोजनाओं, सरकारी योजनाओं और जन शिकायतों के त्वरित समाधान (Pro-Active Governance and Timely Implementation) के लिए बनाई गई है। यह प्रधानमंत्री मोदी के 'प्रगति' मॉडल से प्रेरित है,

05. हाल ही में राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किस पुरस्कार से बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को नवाजा गया?

(A) सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड

(B) लोक सेवा पुरस्कार

(C) राज सेवा अवॉर्ड

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में सिविल सेवा दिवस 2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को "सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया.
- उन्होंने कहा कि हर साल नवाचार और बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा, इस कार्यक्रम में कुल 9 अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया
- यह पुरस्कार डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया
- भारत में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस (National Civil Services Day) हर साल 21 अप्रैल को मनाया जाता है,

जयपुर, गुरुवार, 23 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-63

1 **राज्य** बजट 2026-27 के अनुसार, राजस्थान सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में अब परिवार के किस नए सदस्य को शामिल किया गया है?
(A) दामाद
(B) भतीजा
(C) पुत्रवधू
(D) पोता/पोती

2 **सहकारिता** आन्दोलन का मूल मंत्र या ध्येय वाक्य क्या है?
(A) सेवा ही धर्म है
(B) एक सबके लिए, सब एक के लिए
(C) सहकार से समृद्धि
(D) जय सहकार, जय किसान

3 **राजस्थान** सरकार द्वारा घोषित 'राज-ममता' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना
(B) ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना
(C) प्रदेश के सभी नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना
(D) बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता देना

4 **मुख्यमंत्री** मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालकों को दुधारू पशु की मृत्यु पर अधिकतम कितनी बीमा राशि प्रदान की जाती है?
(A) 20,000 रुपये
(B) 40,000 रुपये
(C) 50,000 रुपये
(D) 1,00,000 रुपये

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत जयपुर जिले का खेल कौन सा है?
(A) कबड्डी
(B) एथलेटिक्स
(C) कुश्ती
(D) बास्केटबॉल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में किसके संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है?**

(A) बिकाजी

(B) बालाजी नमकीन

(C) कुबेर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK
GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine